भारत सरकार
रसायन और उर्वरक मंत्रालय
उर्वरक विभाग

**लोक सभा**
अतारांकित प्रश्न संख्या **4966**

जिसका उत्तर शुक्रवार, 31 मार्च, 2023/10 चैत्र, 1945 (शक) को दिया जाना है।

**एचआईएल और एनएफएल, बठिंडा का विलय**

**4966. श्रीमती हरसिमरत कौर बादल:**

क्या **रसायन और उर्वरक मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या नेशनल फर्टिलाइजर्स लिमिटेड बठिंडा इकाई को कृषि-कीटनाशकों का उत्पादन करने के लिए कहा जा रहा है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या हिन्दुस्तान इंसेक्टिसाइड लिमिटेड बठिंडा इकाई के कर्मचारी संघों ने अभ्यावेदन दिया है कि जो उत्पाद एचआईएल, बठिंडा द्वारा निर्मित किया जा रहा है उसे नेशनल फर्टिलाइजर्स लिमिटेड, बठिंडा द्वारा उत्पादित करने के लिए कहा जा रहा है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ड) क्या सरकार के पास एचआईएल, बठिंडा को नेशनल फर्टिलाइजर्स लिमिटेड, बठिंडा में विलय करने की संभावना हेतु दोनों उद्यमों के मध्य तालमेल बनाने की योजना है ताकि एचआईएल, बठिंडा के कर्मचारियों और उनकी विशेषज्ञता का भी लाभ उठाया जा सके और कर्मचारियों का जीवनयापन प्रभावित नहीं हो; और

(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**रसायन और उर्वरक मंत्रालय में राज्य मंत्री**

**(भगवंत खुबा)**

---

**(क) और (ख):** जी नहीं। नेशनल फर्टिलाइजर्स लिमिटेड बठिंडा इकाई को सरकार द्वारा कृषि-कीटनाशक बनाने के लिए नहीं कहा गया है।

**(ग) और (घ):** जी नहीं। हिन्दुस्तान इंसेक्टिसाइड्स लिमिटेड के कर्मचारी संघ से ऐसा कोई अभ्यावेदन सरकार को प्राप्त नहीं हुआ है।

**(ङ) और (च):** जी नहीं। एचआईएल बठिंडा का नेशनल फर्टिलाइजर्स लिमिटेड, बठिंडा में विलय करने की संभावना के लिए दोनों उद्यमों के बीच तालमेल बनाने की सरकार की कोई योजना नहीं है।

****